उज्जीवन फाइनैंशियल का लाभ हुआ दोगुना

सूक्ष्म वित्त कंपनी उज्जीवन फाइनैंशियल सर्विसेज का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 102.51 फीसदी उछलकर 71.37 करोड़ रुपये रहा। कारोबार बढ़ने तथा वित्त लागत कम होने से कंपनी का लाभ बढ़ा। कंपनी के बयान के अनुसार इससे पूर्व वित्त वर्ष 2015-16 की इसी तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 35.24 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी की कुल आय जून 2016 को समाप्त तिमाही में 50.46 फीसदी बढ़कर 329.32 करोड़ रुपये रही, जो इससे पूर्व वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 218.87 करोड़ रुपये थी। *भाषा*